महत्वपूर्ण एवं खास

दो बालिका हुए लापता जुर्म दर्ज

रायगढ़। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र14 वर्षीय बालिका के 18 जनवरी की रात्रि घर में बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट बालिका के पिता द्वारा दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट पर धारा 363 पंजीबद्ध कर बालिका की पतासाजी की जा रही है। दूसरी घटना थाना कोतरारोड़ थाना की है। जिसमें 16 वर्षीय बालिका के 14 जनवरी को दोपहर में अपने नाना के घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट उसके नाना ने थाना कोतरारोड़ में दर्ज कराया है। रिपोर्ट पर धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला कल

रायगढ़। जिला स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन 22 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय परिसर, पंजरी प्लांट कलेक्ट्रेट रोड़ रायगढ़ में किया जाएगा। आयुष स्वास्थ्य मेला में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न प्रकार की व्याधियों जैसे-वातव्याधि, श्वास, कास, जीर्णज्वर, चर्मरोग, स्त्रीरोग, अर्श, भगन्दर, कामला, पाण्डु, जरा व्याधि, दौर्बल्य, वृ विकास, शिशु व बालरोग एवं अन्य जटिल रोगों का निदान कर रोगियों को उपलब्ध औषधियां निशुल्क वितरण की जाएगी। इस मौके पर मेले में दैनिक व ऋ तु अनुकूल दिनचर्या एवं ऋ तुचर्या की जानकारी दी जाएगी। मेला स्थल में यथा आवश्यक रक्त परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ ने जिलेवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य मेला का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया है।

दो बाईक में भिड़ंत 1 की मौत 2 घायल, लैलूंगा के रुडूकेला गांव की घटना

रायगढ़। आज दोपहर करीब 3.30 बजे लैलूंगा थाना से 2 किलोमीटर दुर ग्राम रुडुकेला में दो मोटरसाइकिल में भिंडत हो गई जिसमे घटनास्थल पर ही एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं अन्य दो घायल हो गए मिली जानकरी के अनुसार घायल व्यक्ति लैलूंगा थाना अंतर्गत ही गांव कुपाकानी के निवासी है घायलों का नाम दशरथ सिदार (कुपाकानी) थाना लैलूंगा व गौरव चौहान खड़मचा बागबहार थाना है । वहीं मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है घटना के बाद ग्रामीणों ने डायल 112 को बुलाया जिसके बाद ग्रामीणों व 112 की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा ले जाया गया जहां उनकी स्थिति अभी गंभीर बनी हुई है ।

रायगढ़ लोकसभा सीट पर पूर्व मंत्री गणेश राम भगत को टिकट देने की मांग हुई तेज

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के पास आते ही छत्तीसगढ़ में टिकट को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है. इसी क्रम में रायगढ़ लोकसभा सीट से इस बार पूर्व मंत्री गणेश राम भगत को टिकट देने की मांग तेज हो गई है. गणेश राम भगत के समर्थकों ने सांसद और केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय पर क्षेत्र में दौरा नहीं करने और क्षेत्र में विकास कार्यों में जिले की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है. जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे टिकट को लेकर खींचतान भी शुरू हो गई है.

इस बार पूर्व मंत्री और कद्दावर आदिवासी नेता गणेश राम भगत को रायगढ़ लोकसभा सीट से टिकट देने की मांग शुरू हो गई है. समर्थकों ने वर्तमान सांसद और केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री विष्णुदेव साय की जगह इस बार गणेशराम भगत को टिकट देने की मांग की है.

हंडी चौक में हुआ दर्दनाक हादसा, दो युवकों की मौके पर ही मौत

रायगढ़। बीती रात सिटी कोतवाली से महज 50 मीटर दूर हंडी चौक में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से दो युवकों की हौलनाक मौत हो गई है। घटना रात तक़रीबन साढ़े ग्यारह बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस ने आनन-फानन में दोनों युवकों की लाश को मरचुरी तो पहुंचा दिया,लेकिन रक्तरंजित सड़क को साफ करना भूल गई, आज सुबह जब मृतकों के करीबियों को इस बात की जानकारी मिली तो वे सुबह घटनास्थल पर पहुंच गए और सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे,इसी बीच वहां पहुंची बदन बस को भी प्रदर्शनकारियों ने रोक लिया और उसमें मामूली तोड़फोड़ की जानकारी भी मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि सुबह प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने के बाद एडिश्नल एसपी राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी मौके पर पहुंच गए थे।

बहरहाल शहर के बीचों बीच हुई इस घटना ने यातायात विभाग की पोल खोलकर रख दी है, लोगों के अनुसार घटनास्थल बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र है, फिर भी बड़े वाहन वहां बेखौफ आते जाते रहते हैं। प्रदर्शन के दौरान भी बदन बस उक्त मार्ग से ही गुजर रही थी, जिसे देखकर वहां मौजूद लोगों का गुस्सा और भड़क गया था, अभी महज एक सप्ताह भर पहले ही एक तथाकथित सामाजिक संस्था के कार्यक्रम के दौरान नटवर स्कूल के सामने पुलिस अधीक्षक के निवास के पास ही बेतरतीब तरीके से सैकड़ों वाहन खड़ी थी और यातायात को बाधित कर रही थी, लेकिन आमतौर पर लॉक लगाने में माहिर ट्रैफिक अमला नदारद था। फिलहाल कल रात हुई सड़क दुर्घटना में शहर के दो युवक योगी यादव और राहुल चौधरी की दर्दनाक मौत हो गई है, इसे काल का ग्रास कहें या ट्रैफिक विभाग की लापरवाही दो घरों के चिराग तो हमेशा के लिए बुझ गए।

श्री दुर्गा मंदिर बस स्टैंड में देवी भागवत का प्रारंभ

रायगढ़। शहर जो धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है उसमें एक कडी आज 20 जनवरी 2019 को और जुड़ गई जब रायगढ़ शहर की जागरूक महिला मंडल जय श्री दुर्गा महिला मंडल के समस्त सदस्यों ने श्री देवी भागवत कथा का आयोजन करने का निर्णय लिया और उसी के फलस्वरूप श्री धाम वृंदावन से पधारे हुए अंतराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त पंडित पूज्य वेदव्यास जी महाराज के मुखारबिंद से देवी भागवत कथा पुराण का श्रवण उपस्थित श्रोताओं को प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से संध्या 6 बजे तक या प्रभु इच्छा

तक करवाया जाएगा। जय श्री दुर्गा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि शर्मा, सचिव श्रीमती वीणापाणि केशरवानी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी केशरवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि आज दोपहर 12 बजे श्री दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा बड़े धूम-धाम से बाजे-गाजे के साथ निकाल कर सुभाष चंद्र बोस चौक स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में पहुंच कर वहां से जलभर कर वापस मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। संध्या देवी भागवत कथा का शुभारंभ शाम 4 बजे से हुआ है जो कि आज दिनांक 20 जनवरी से प्रारंभ हो कर आगामी दिनांक 27 जनवरी दिन रविवार को प्रातः हवन के साथ समाप्त होगा। इन्होंने रायगढ़ शहर के समस्त श्रद्धालुओं, भक्तगण एवं पत्रकार बन्धुओं सहित समस्त दूरदराज के भक्तों से विनम्र अनुरोध किया है कि वे प्रतिदिन होने वाले देवी भागवत कथा का श्रवण कर माता दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बने।

तहसीलदार को उप तहसील और नायब तहसीलदार को तहसील का प्रभार

धरमजयगढ़। अगस्त 2018 में कांकेर से तबादला हो कर रायगढ़ आये तहसीलदार को आज तक तहसील का प्रभार न देकर उप तहसील में बैठा दिया गया है। शासन के आदेशानुसार आचार संहिता लगने से पहले तहसीलदार हेमराज ध्रूव का तबादला रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ हुआ था लेकिन श्री ध्रूव को धरमजयगढ़ तहसील का प्रभार न देकर कापू उप तहसील का प्रभार दे दिया गया और धरमजयगढ़ तहसील का प्रभार नायब तहसीलदार को दे दिया गया। प्रभारी तहसीलदार के हैसियत से नायब तहसीलदार धरमजयगढ तहसील का कामकाज तो देख रही हैं लेकिन कई महत्वपूर्ण कार्य आज भी हेमराज ध्रूव के दस्तखत से सम्पन्न हो रहा है। आज भी वित्तीय प्रभार स्वयं हेमराज ध्रुव के पास है लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा के वजह से उप तहसील में बैठना पड़ रहा है। इसके पिछे तात्कालिक कलेक्टर शम्मी आबिदी का हेमराज ध्रूव से किसी बात को लेकर नाराजगी बताई जाती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब श्रीमती शम्मी आबिदी कांकेर कलेक्टर थी तब हेमराज ध्रूव भी वहां बतौर तहसीलदार पदस्थ थे और वहीं किसी बात को लेकर नाराज हो गईं थीं।

उठाईगिरी और लूटपाट करने वालों का गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, चार फरार

रायगढ़। हाल ही में चंद्रपुर और डभरा में हुई उठाईगिरी और लूट की वारदात में आज जांजगीर चांपा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक संदिग्ध को पकड़ा और पूछताछ करने पर दोनों घटनाओं में शामिल होना बताया। इनका कुल 5 लोगों का गैंग है।

पुलिस का कहना है जिसमें एक आरोपी को पकड़ा गया है बाकी फरार है। यह लोग बैंक से निकलने वाले लोगों की रेकी करते थे और मौका देखकर उनकी मेहनत की गाढ़ी कमाई ले कर भाग जाते थे।

बिना परमिशन के शहर में निकली छेरछेरा रैली

भाजयुमो नेता पर किया हमला, देर शाम थाना का घेराव

रायगढ़। समूचा शहर छत्तीसगढ़ लोक पर्व छेरछेरा मना रहा था, इस बीच छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा आयोजित जबर छेरछेरा के नाम रैली का आयोजन कर शहर भ्रमण करवाने निकली थी।

रैली जैसे ही घड़ी चौक के पास पहुंची तो भाजयुमो नेता राजेश जाटवर से कुछ लोग डंडे व तलवार से मारपीट करने लगे। इससे पीड़ित के सिर में हाथ पैर में गम्भीर चोट आई है। बहरहाल मामले में पीड़ित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री सत्यमित्र श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुंज सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित सहायता एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session
Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....
CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359
Join CAREER...

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480